# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (26.01.2025)**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:26.01.2025, PAGE-03**

# पीजी में नामांकन को आए 25 हजार से अधिक आवेदन

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी में नामांकन के लिए रिकार्ड आवेदन आए हैं। शनिवार शाम तक 25 हजार 600 से अधिक आनलाइन आवेदन आए हैं। पिछले वर्ष करीब 22 हजार आवेदन आए थे। इससे पहले पीजी में नामांकन के लिए इतनी संख्या में आवेदन नहीं आए थे। बताया जा रहा है कि पीजी में नामांकन के लिए एक बार फिर आवेदन की तिथि बढ़ाए जाने का प्रस्ताव है। बताया जा रहा है कि स्पेशल पार्ट वन परीक्षा का परिणाम जारी होना है। पार्ट वन क्लियर नहीं होने के कारण सैकड़ों छात्रों का टीडीसी पार्ट थर्ड का परिणाम पेंडिंग है। इस

**टूटा रिकार्ड, पिछले वर्ष करीब 22 हजार आए थे आवेदन, फिर से एक बार नामांकन के लिए बढ़ सकती है आवेदन की तिथि**



कारण उनका स्नातक पार्ट थर्ड का परिणाम जारी नहीं किया जा सका है। ऐसे में छात्र फरवरी के दूसरे सप्ताह तक आनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित करने की मांग कर रहे हैं। हालांकि तिथि बढ़ाए जाने पर अब तक विश्वविद्यालय की ओर से कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है। दूसरी ओर स्नातक के अंकों के आधार पर पीजी में नामांकन के लिए मेरिट लिस्ट जारी किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस वर्ष दो मेरिट लिस्ट जारी की जा सकती है। वहीं स्पाट नामांकन का विकल्प पीजी विभागों और संबंधित कालेजों को नहीं मिलेगा। पीजी में नामांकन के लिए करीब 10 हजार से अधिक सीटें उपलब्ध हैं। ऐसे में कई विषयों में नामांकन के लिए मारामारी है। वहीं कई विषय ऐसे हैं जिसमें काफी कम संख्या में आवेदन हुए हैं। इसमें मैथिली, भोजपुरी समेत अन्य विषय शामिल हैं।

## दो पीजी विभागों के अध्यक्ष बदले, पदभार किया ग्रहण

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के दो पीजी विभागों में नए अध्यक्ष बने हैं। पीजी कार्मस विभाग के नए अध्यक्ष के रूप में डा. रवि श्रीवास्तव और पीजी भौतिकी विभाग में डा. संगीता सिन्हा ने शनिवार को पदभार संभाला। इस अवसर पर पुर्व पीजी विभागाध्यक्ष डा. ललन कुमार झा ने उन्हें कार्यभार सौंपा। वहीं पीजी कामर्स विभाग में प्रो. सैय्यद आले मुजतबा के तीन वर्ष का कार्यकाल पुरा होने पर नए अध्यक्ष के रूप में डा. रवि श्रीवास्तव को जिम्मेदारी मिली है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 26.01.2025, PAGE-03


# पीजी विभागों को देना होगा अचल संपत्ति का रिकार्ड

- विभागाध्यक्षों को 10 दिनों के भीतर देना होगा ब्योरा
- विश्वविद्यालय में तैयार किया जा रहा रिकार्ड, पहले नहीं था

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सभी पीजी विभागों को अब अचल संपत्ति (फिक्सड एसेट्स) का रिकार्ड देना होगा। विश्वविद्यालय स्तर से पीजी विभागों में मौजूद सामानों का रिकार्ड तैयार किया जा रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से सभी पीजी विभागों में उपलब्ध मूर्त और अमूर्त सामानों की सूची मांगी गई है। इसको लेकर विश्वविद्यालय के संपदा अधिकारी की ओर से सभी पीजी विभागाध्यक्ष को पत्र जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि सरकार के विभिन्न विभागों के साथ होने वाली बैठक में विश्वविद्यालय और इसके पीजी विभागों में उपलब्ध संसाधनों का रिकार्ड मांगा जाता है। अब तक विश्वविद्यालय में इसका रिकार्ड मेंटेन नहीं है।

**10 दिनों के भीतर देना होगा रिकार्ड** : सभी पीजी विभागाध्यक्षों को 10 दिनों के भीतर इसका रिकार्ड देना अनिवार्य होगा। पीजी विभागों को सौंपे जाने वाले रिकार्ड की लिस्ट भी जारी की गई है। इसमें मूर्त और अमूर्त दोनों कैटेगरी शामिल है। टैंजिबल यानी मूर्त कैटेगरी में दी जाने वाली जानकारियों में कक्षाओं की संख्या, विभागाध्यक्ष और शिक्षकों के लिए कमरों की संख्या, स्मार्ट क्लासरूम की संख्या, लाइब्रेरी रूम, सेमिनार हाल, कक्षाओं की संख्या, स्कैनर, कंप्यूटर या लैपटाप, एसी से लेकर वाटर कूलर की जानकारी देनी है। दूसरी ओर फर्नीचर में टेबल, कुर्सी, सोफा सेट, आलमीरा, कंप्यूटर टेबल की जानकारी देनी है। इलेक्ट्रिकल फिटिंग कैटेगरी में पंखा और लाइट बल्ब का ब्योरा देना है।

**पीजी विभागों में अब तक हुए आइपीआर की देनी होगी जानकारी** : इनटेंजिबल कैटेगरी में पीजी विभागों में अब तक हुए आइपीआइआर यानी इंटेलैक्चुअल प्रापर्टी राइट्स, पेटेंट, कापी राइट्स, साफ्टवेयर की जानकारी देनी है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 26.01.2025, PAGE-10**

## डिग्री सेक्शन में सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में डिग्री सेक्शन और आइटी सेल में असामाजिक तत्वों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा. यदि वे जबरन प्रवेश की कोशिश करेंगे तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की



जाएगी. उन्हें चिह्नित करने और गोपनीय शाखा में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएंगे. डिग्री सेक्शन और आइटी सेल में कुल 32 सीसीटीवी कैमरे इंस्टाल किये जाने हैं. पहले चरण में 16 कैमरे लगेंगे. इसकी मॉनिटरिंग परीक्षा विभाग के साथ ही कुलसचिव कार्यालय से भी की जाएगी. बीते दिनों डिग्री सेक्शन में लगातार हंगामा की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी. ऐसे में इस स्थिति से निपटने के लिए कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया है. जानकारी मिली थी कि असमाजिक तत्व टीआर से छेड़छाड़ भी कर रहे थे. ऐसे में डिग्री सेक्शन और आइटी सेल की गतिविधियों पर निगरानी को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 26.01.2025, PAGE-05**

## पीजी के लिए विश्वविद्यालय में रिकॉर्ड आवेदन

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए अबतक के रिकार्ड के अनुसार सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं. 25 हजार 600 छात्र-छात्राओं ने पीजी में दाखिले के लिए ऑनलाइन शुल्क का भुगतान कर आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर ली है. 11 हजार से अधिक सीटों पर दाखिला लिया जाना है. 25 जनवरी तक आवेदन लिया जाना था, लेकिन पेंडिंग परिणाम के कारण आवेदन से वंचित रह गये स्टूडेंट्स की ओर से आवेदन की तिथि विस्तारित करने का अनुरोध किया गया है. ऐसे में विश्वविद्यालय ने तिथि विस्तारित करने का प्रस्ताव दिया है.

# BRA BIHAR UNIVERSITY REGISTERS UNDER NIRF 2025, MARKING A HISTORIC MILESTONE

Educational News

Muzaffarpur: B.R.A. Bihar University, Muzaffarpur, has been registered under NIRF—2025 (National Institutional Ranking Framework). The registration process was jointly completed by Vice—Chancellor Prof. Dinesh Chandra Rai and Bihar's former Urban Development Minister, Shri Suresh Sharma, by submitting the draft on the NIRF website. The event took place at the Vice—Chancellor's residential office at 11:00 AM in the presence of Registrar Prof. B.S. Rai, IQAC Director Prof. Kalyan Kumar Jha, College Inspector (Arts/Commerce) Prof. Rajiv Kumar, and NIRF Coordinator Dr. Jitesh Pati Tripathi.

IQAC Director Prof. Kalyan Kumar Jha informed that this is the first time the university has been registered under NIRF, thanks to the initiative and capable guidance of Vice—Chancellor Prof. Dinesh Chandra Rai. The NIRF process has been in place at the national level since 2015. The dedicated efforts of the IQAC team and the NIRF Coordinator made this achievement possible. Registration under NIRF establishes the university's recognition at the national level and enhances opportunities for academic grants and benefits from UGC, RUSA, CSIR, ICHR, NEP, and higher education departments of both the Indian and Bihar governments. Prof. Jha appreciated the Vice—Chancellor's positive academic initiative. Under NIRF, universities must provide details related to the approved number of student enrollments, total number of students (male and female), placements, progress in higher education, number of researchers, laboratories, equipment, resources, library facilities, academic achievements of faculty, budget, sustainable development, intellectual property rights, research projects, and more. The IQAC Director expressed gratitude to the Vice—Chancellor and the IQAC team for achieving this historic milestone.

